Holi Milan Celebration - 2026

Holi Milan Celebration was Organized at Manrakhan Mahto Group of Institutions on Date - 02-03-2026.

मनरखन महतो ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच होली मिलन समारोह धूमधाम से संपन्न

दबंग हिन्द, संवाददाता

ओरमांझी- मनरखन महतो ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में सोमवार को होली मिलन समारोह का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। रंगों के इस पारंपरिक पर्व पर संस्थान परिसर में उल्लासपूर्ण वातावरण देखने को मिला। छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा कर्मचारियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष मनरखन महतो ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, प्रेम और सद्भाव का प्रतीक है। यह पर्व हमें सभी प्रकार के भेदभाव भुलाकर आपसी सौहार्द और समरसता के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देता है। निदेशक मनोज कुमार महतो ने अपने संबोधन में कहा कि होली भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपराओं का प्रतीक है। ऐसे आयोजन शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच आत्मीयता को बढ़ाते हैं और संस्थान में पारिवारिक माहौल को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने सभी से सुरक्षित एवं पर्यावरण-अनुकूल होली मनाने का आह्वान किया। विभिन्न संकायों के प्राचार्यों ने भी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली आपसी प्रेम, सहयोग और सामूहिकता का संदेश देती है। समारोह का उद्देश्य महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों के बीच एकता और सहयोग की भावना को मजबूत करना रहा। समारोह के दौरान होली गीतों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में रंग भर दिया। अंत में सभी ने सामूहिक रूप से उत्सव का आनंद लिया और उल्लासपूर्ण वातावरण में कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर ट्रस्टी विरेन्द्रनाथ ओहदार, खुशबू सिंह, कृति काजल, प्रबंधक मुकेश कुमार, प्रशासिका मीना कुमारी एवं पूनम कुमारी सहित संस्थान के सभी प्राचार्यगण, व्याख्यातागण एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

04/03/26

Principal Sig.

Principal
Manrakhan Mahto B.Ed. College
Ranchi

Scanned with OKEN Scanner

MANRAKHAN MAHTO B.Ed. COLLEGE

NAAC Accredited Grade : "B"

Recognised By NCTE, Affiliated to Ranchi University Ranchi & Jharkhand Academic Council

Kedal, BIT More, Ranchi, Jharkhand - 835217

HOLI CELEBRATION 2026

(1)

(2)

(3)

(4)

During Holi Celebration 2026

1. Students during Holi celebration (Geo Tag)
2. Students during Holi celebration (Geo Tag)
3. Students during Holi celebration (Geo Tag)
4. Group photography (Dignitaries, teachers and students)

Dated:02.03.2026

02/03/26

Principal

Principal
Manrakhan Mahto B.Ed. Colleg

Scanned with OKEN Scanner